THE MINISTER OF STATE OF THE DEPTT. OF LEGAL AFFAIRS, LEGISLATIVE DEPTT. AND DEPTT. OF JUSTICE (SHRI RAMAKANT D. KHALAP) (a) and (b) The recommendations of Dinesh Goswami Committee and certain other proposals on electoral reforms are under consideration of the Government and a package on electoral reforms is likely to be finalised, shortly.

गुजरात में तीर्थ स्थलों का विकास

*188. श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:
श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के दौरान गुजरात में विकास के लिए तीर्थ स्थलों की पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए कोई वित्तीय आवंटन किया गया है;

(ग) क्या सरकार ने सोमनाथ और द्वारका के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए कोई विशेष योजना बनाई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

संसदीय कार्य मंत्री और पर्यटन मंत्री (श्री श्रीकान्त जैना): (क) और (ख) पर्यटक स्थलों का अभिनिर्धारण और विकास एक सतत् प्रक्रिया है और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की जिम्मेदारी है। तथापि, केन्द्र सरकार द्वारा पर्यटन के विकास के लिए वित्तीय सहायता राज्य सरकारों से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों, धन की उपलब्धता आदि के आधार पर मुहैया की जाती है।

वर्ष 1996-97 के लिए, राज्य सरकारों के परामर्श से केन्द्रीय वित्तीय सहायता हेतु पांच परियोजनाएं अभिनिर्धारित की गई हैं। इन परियोजनाओं में द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर की प्रकाश-पुंज व्यवस्था, मोधेरा में सूर्य मंदिर को पुनः चमकाना, और अंबाजी में जन-सुविधाएं शामिल हैं।

(ग) से (ङ) केन्द्रीय पर्यटन विभाग को गुजरात सरकार से ऐसी कोई योजनाएं प्राप्त नहीं हुई हैं।

आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचारों की घटती लोकप्रियता

*189. श्री अजीत जोगी:
श्री एस० एस० सुरजेवाला:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आकाशवाणी और दूरदर्शन से प्रसारित होने वाले समाचारों की लोकप्रियता कम होती जा रही है;

(ख) क्या लोग आकाशवाणी और दूरदर्शन द्वारा प्रसारित समाचारों की अपेक्षा विदेशी और निजी टी० वी० नेटवर्कों द्वारा प्रसारित समाचारों पर अधिक विश्वास करते हैं;

(ग) क्या समाचारों के संकलन हेतु दूरदर्शन के पास अपना नेटवर्क नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो इस दिशा में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी० एम० इब्राहिम): (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) जी, नहीं। दूरदर्शन का अपना स्वयं का नेटवर्क है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

Non-Compliance of RBI's Instructions by Allahabad Bank

*190. SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: SHRI NILOTPAL BASU: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the report which appeared on 'Business & Finance' page of 'Statesman', Calcutta, dated the 7th April, 1996, regarding bridge loan facility extended by Banks/FIs to M.S. Shoes Ltd.;

(b) whether Government's/RBI's instructions have not been complied with by Allahabad Bank; if so, the details of action taken so far, including staff accountability; and